Title: Requests the Central Government to direct the State Government of Uttar Pradesh to restore the freedom of `Jan Morcha', Hindi Daily newspaper.

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद): सभापति महोदय, मैं बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। प्रथम प्रैस आयोग की ४० संस्तुतियों के बाद ४० वर्षों से हमारे लोक तंत्र में समाचार पत्रों को प्रकाशित करने की पूरी आजादी है। लोक तंत्र के चार खम्भे हैं- न्यायपालिका, कार्यपालिका, ि वधायिका और प्रैस। फैजाबाद-उ.प्र. में हिन्दी दैनिक 'जन मोर्चा' समाचार पत्र विगत ४० वर्षों से लगातार हमारे देश की और प्रदेश की सेवा करता चला आ रहा है और सर्व धर्म समभाव, राष्ट्रीय एकता और अखंडता का पाठ पढ़ाता चला आ रहा है। सहकारिता के आधार पर यह एकमात्र समाचार पत्र है जो उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में रायबरेली, फैजाबाद, गोरखपुर और आजमगढ़ आदि तमाम क्षेत्रों में प्रकाशित होकर संदेश देता रहता है। आज जन मोर्चा के ऊपर सहकारिता के आधार पर रिसीवर बैठा दिया गया है। सारे हिन्दुस्तान में कोआपरेटिव के आधार पर चलने वाला केवल एकमात्र हिन्दी दैनिक जन मोर्चा है जो पूरे हिन्दुस्तान में सफलता पूर्वक काम कर रहा है।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : ठीक है। बैठ जाइए।

श्री मित्रसेन यादव : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह हिन्दी दैनिक समाचार पत्र सरकार से किसी प्रकार की ग्रांट, अनुदान या सहायता प्राप्त नहीं कर रहा है, लेकिन फिर भी उसके ऊपर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। मेरी आपके माध्यम से मांग है कि उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए जाने चाहिए कि सहकारिता के आधार पर इस समाचार पत्र पर जो रिसीवर बैठाया गया है, वह समाचार पत्र और प्रैस की आजादी पर प्रतिबंध है। ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। इसे रोका जाना चाहिए और रिसीवर को हटाना चाहिए।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : ठीक है। आपकी बात हो गई। अब कृपया बैठिए।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

1302 hours

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

1407 hours

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at seven minutes

past Fourteen of the Clock.

(Mr. Speaker in the Chair)

MR. SPEAKER: Now, the hon. Home Minister to make a Statement regarding deportation of certain people by Maharashtra Government.